


## एक नजर में



### स्कूल निर्माण में अपनी सेवा दी

**उज्जैन।** चिंतामन रोड स्थित हासामपुर ग्राम में राउंड टेबल उज्जैन संस्था द्वारा स्कूल निर्माण के भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना और उन्हें अच्छी जगह बैठकर शिक्षा लेने का अवसर देना है। संस्था के अध्यक्ष सौमिल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में बच्चों के लिए चार रूम बनाने की आवश्यकता थी, जिसे ध्यान में रखते हुए संस्था ने निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्था एवं स्कूल के स्टाफ के लोग उपस्थित थे। संस्था का उद्देश्य समाज के विकास में योगदान देना है, और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करना है। 22 लोगों द्वारा संस्था चलाई जा रही है जिनके माध्यम से 6 महीने के भीतर चार रूम बनाकर स्कूल को ही सौंप दिया जाएगा। स्कूल के शिक्षक नितिन वर्मा ने कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहाकि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने से न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में मदद मिलती है, बल्कि इससे समाज और देश का भी विकास होता है।



### शैलेंद्र व्यास का किया विशिष्ट अभिनंदन

**उज्जैन।** 74वीं ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर चैंपियनशिप का विशिष्ट आयोजन इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन मुंबई के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ। ऑल इंडिया पुलिस बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में संपूर्ण भारत के 182 शरीर साधकों ने राष्ट्र भक्ति के गीतों पर थिरकते हुए मांसपेशियों का उम्दा प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा में हरियाणा के पुलिस बॉडीबिल्डर राकेश कुमार को चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब प्रदान किया गया। चैंपियनशिप में उज्जैन मध्य प्रदेश से निर्णायक के रूप में सहभागिता करने वाले राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास को आईजी विनोद कुमार, डीएसपी पूर्व इंटरनेशनल कबड्डी प्लेयर शमशेर सिंह, पद्मश्री पूर्व मिस्टर यूनिवर्स प्रेमचंद ढींगरा, इंटरनेशनल बॉडीबिल्डिंग फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे, द्रोणाचार्य अवार्डी बॉडीबिल्डिंग टी .वी .पोली केरल द्वारा सम्मानित किया गया एवं आकर्षक मोमेंटो द्वारा विशिष्ट अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्टेट बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अतिन तिवारी, इंटरनेशनल निर्णायक रोहित जेठवा विशेष रूप से उपस्थित थे।



### तीन दिन तक कराएंगे माता मंदिरों के दर्शन

**उज्जैन।** स्व. जगदीश यादव सेवा संस्थान द्वारा तीन दिवसीय नारी शक्ति एक्सप्रेस 24 सितंबर बुधवार से प्रारंभ हुई। विवेक यादव सेवादार द्वारा आयोजित इस नि:शुल्क मंदिर दर्शन यात्रा में 26 सितंबर तक हजारों महिलाओं को उज्जैन शहर के माता मंदिरों के दर्शन कराएं जाएंगे। राजेश बाथली ने बताया पशुपतिनाथ मंदिर चामुण्डा माता चौराहा से महामंडलेश्वर शैलेषानंद महाराज, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद परमानंद मालवीय के आतिथ्य में यात्रा प्रारंभ हुई। यादव ने सिर्फ नारी शक्ति के लिए 26 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से पशुपतिनाथ मंदिर चामुण्डा माता चौराहा से यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान प्रमुख रूप से पंकज यादव, जगदीश सूर्यवंशी, पीयूष व्यास, प्रतिश शर्मा, शेरसिंह चौहान, सौरभ नागर, परशुराम जाट, विशाल यादव, रविंद्र यादव, आशीष यादव, दीपक कुशवाह, दिलीप मंडावलिया, तनिष्क जाट, चेतन चौधरी, अभिषेक सोलंकी, आदित्य गहलोत, नितिन तोमर, आलोक बॉस, जितेंद्र मंडोर, हेमंत बैरागी, अरुण राठी, हार्दिक चतुर्वेदी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

### समापन पर विजेताओं को किया सम्मानित




**उज्जैन।** सरस्वती विद्या मंदिर ऋषि नगर में दो दिवसीय विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 23 सितंबर से 24 सितम्बर तक आयोजित की गई। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर के विभिन्न विद्यालयों से शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग, तरुण वर्ग के कुल 280 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1000 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर दौड़, लंबीकूद, 5000 मीटर पैदल चाल, 3000 मीटर पैदल चाल, भाला फेंक, चक्का फेंक, त्रिकूद, ऊंची कूद, क्रॉस कंट्री 6 किलोमीटर, तार गोला फेंक सहित विभिन्न विधाएं खेल प्रशिक्षकों की सहायता से करवाई गई। समापन सत्र में समस्त खिलाड़ियों को जिन्होंने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया उन्हें अतिथियों के द्वारा मेडल पहनाकर सर्टिफिकेट दिए गए। अतिथियों द्वारा उद्बोधन के माध्यम से खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। 24 सितम्बर को समापन सत्र में विशेष अतिथि के रूप में नगर मंत्री भाजपा समाजसेवी जितेंद्र कृपलानी, निपोन इंडिया म्यूच्यूअल फंड के मैनेजर हरिवंश सोनी, अमोल जोशी पूर्व छात्र, उज्जैन विभाग समन्वयक राकेश जोशी, मालवा प्रांत नगरीय शिक्षा सह सचिव पूर्व छात्र प्रांतीय प्रबंधक रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव, सरस्वती शिशु मंदिर समिति के सचिव अनुराग जैन, सरस्वती शिशु मंदिर समिति के सहसचिव अभिलाष जैन, संस्कृति भवन ऋषि नगर उज्जैन प्राचार्य भगवान सिंह ठाकुर, उन्हेल प्रधानाचार्य श्याम खराडिया उपस्थित थे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता संयोजक रामकृष्ण उपाध्याय के सानिध्य में सम्पन्न हुई।

### 1 नवंबर को होगा कपल ग्रुप का शुभारंभ

**उज्जैन।** उज्जैन शहर के सबसे बड़े पारिवारिक सामाजिक, धार्मिक मनोरंजन एवं व्यवसायिक क्लब का शुभारंभ 1 नवंबर को होने जा रहा है। इस हेतु सदस्यता प्रारंभ की गई है जिसकी अंतिम तारीख 20 अक्टूबर शुक्रवार है। विनी अग्रवाल, स्वाति चौधरी ने बताया कि महाकाल कपल ग्रुप द्वारा सामाजिक सरोकार के साथ इस वर्ष के नवंबर माह में दीपावली मिलन समारोह, 31 दिसंबर को समारोह, वर्ष 2026 में न्यू ईयर मिलन समारोह, फरवरी में वैलेंटाईन डे, मार्च में होली मिलन, अप्रैल में पुल पार्टी, मई में गेट ट गेदर, जून में पिकनिक, जुलाई में वृक्षारोपण, अगस्त में जन्माष्टमी, सितंबर में मिलन समारोह एवं अक्टूबर 2026 में गरबा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रम रविवार एवं शासकीय अवकाश पर होंगे। वर्ष भर किये जाने वाले इन 12 आयोजनों में 6 में क्लब द्वारा भोजन कराया जाएगा। सदस्यता लेने वाले प्रथम 10 सदस्यों को आकर्षक उपहार प्रदान किये जाएंगे। सदस्य बनने हेतु विनी अग्रवाल से मोबाइल नंबर 8103185403, स्वाति चौधरी से मोबाईल नंबर 9754151761 पर दोपहर 3 से 5 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर रोशन सिंह ने लापरवाही पर जुर्माना किया एक लाख

## सिंहस्थ 2028 की तैयारी में कलेक्टर सख्त, निर्माण एजेंसी ने रात में काम नहीं किया शुरू, पुल-पुलियाओं की व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। समय कम बचा है काम ज्यादा है, ऐसे में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट आदेश दिए थे की रात में भी काम चलना चाहिए। नगर निगम के माध्यम से जो काम होना था वह नहीं हो पाया। ऐसे में कलेक्टर रात 1 बजे ही मौके पर पहुंच गए और लापरवाही मिलने पर एक लाख का जुर्माना ठोक दिया।**

सिंहस्थ 2028 की भव्य तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंगलवार देर रात शहर के विभिन्न मार्ग चौड़ीकरण कार्यों और पुल-पुलियाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने का सख्त आदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने कोयला फाटा से निकास चौराहा, निकास चौराहा से केडी गेट चौराहा और जयसिंहपुरा मार्ग पर हो रहे चौड़ीकरण कार्यों की वास्तविक स्थिति देखी। पूर्व में उन्होंने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नागरिकों की सुविधा के लिए रात की शिफ्ट में भी कार्य जारी रखा जाए, ताकि यातायात पर अनावश्यक दबाव न बने। रात की शिफ्ट में भी जारी रहें कार्य व कोताही बरती जाएगी तो होगी कार्रवाई, सिंहस्थ 2028 तक सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह इन क्षेत्रों में पहुंचे, कोयला फाटा , निकास चौराहा, केडी गेट चौराहा , जयसिंहपुरा मार्ग, बड़ा पुल, नरसिंह घाट पुल, शिप्रा की बड़ी रपट, विक्रांत भैरव पुल, काल भैरव पुल क्षेत्र में रात को 1 बजे तक अवलोकन किया, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी साथ रहे।



### एजेंसी रात में कार्यरत नहीं पाई गई, लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी

लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने नाराजगी जताई और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को संबंधित एजेंसी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने शहर के सभी बड़े पुल-पुलियाओं का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बड़ा पुल, शिप्रा की बड़ी रपट, नरसिंह घाट पुल, विक्रांत भैरव पुल और काल भैरव पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। कलेक्टर ने साफ कहा कि पुल-पुलियाओं पर रेलिंग, प्रकाश व्यवस्था, कैट आई पेंटिंग और अन्य सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान बड़े पुल पर रेलिंग और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। वहीं नरसिंह घाट पुल और अन्य स्थानों पर भी नगर निगम द्वारा कैट आई पेंटिंग एवं प्रकाश की बेहतर व्यवस्था की जा चुकी थी। कलेक्टर ने इन व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए कहा कि आने वाले समय में सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे हों, ताकि सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सिंहस्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व के आयोजन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई विभागीय अधिकारी या एजेंसी अपने दायित्वों में कोताही बरतती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान में चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर सिंह ने हितग्राहियों से चर्चा कर उनसे स्वास्थ्य की जानकारी ली और सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर और गतिविधियों की जानकारी हितग्राहियों को देकर सभी को उक्त शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर, मलेरिया, टीबी, एचआईवी स्क्रीनिंग, नेत्र जांच की प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने हितग्राहियों को तुरंत लाभ देकर शिविर में ही लगाई गई डिस्पेंसरी के माध्यम से सभी हितग्राहियों को दवाइयों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य शिविर में पोषण माह अंतर्गत किशोरियों और महिलाओं को संतुलित आहार की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अंतर्गत किशोरियों और महिलाओं को संतुलित पोषण की जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा गतिविधियों से दिए जाने की प्रक्रिया भी देखी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, नागदा एसडीएम रंजना पाटीदार और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार भाई-बहन की सड़क दुर्घटना में मौत

## कार ने मारी टक्कर, घर लौटते वक्त हुई दुर्घटना

**उज्जैन। मंगलवार बुधवार रात ग्राम बांदका के पास जुगाड़ की गाड़ी पर सवार भाई-बहन को तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी। भाई बहन को अस्पताल लाया गया डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है।**

घट्टिया तहसील के ग्राम लखाहेड़ा में रहने वाला दानवीर पिता रामवीर सिंह 18 वर्ष और उसकी बहन जीना राय 21 वर्ष उज्जैन में मिट्टी से बनी मूर्ति बेचने का काम करते थे। दानवीर ने बाइक पर जुगाड़ की गाड़ी बना रखी थी, जिस पर सवार होकर बीती रात दोनों भाई बहन अपने गांव लौट रहे थे। ग्राम बांदका के पास सामने से आ रही कार ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। जुगाड़ की गाड़ी पर सवार दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रात में ही उपचार के लिए उज्जैन लाया गया। जहां मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। भाई बहन के साथ हुई दुर्घटना की जानकारी लगते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। बुधवार सुबह पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि कार में नोएडा के युवक सवार थे जो धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आए थे। पान बिहार पुलिस चौकी ने कार को जप्त कर युवको को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### धार्मिक यात्रा पर आए वृद्ध की मौत

उज्जैन। देवास गेट चौराहा के समीप पुराने माधव कॉलेज की दीवार के पास वृद्ध मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाकर परिजनों की तलाश शुरू की। रात में वृद्ध इंदौर का रहने वाला सामने आया। देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि माधव कॉलेज के समीप से 60-65 साल के वृद्ध का शव मिला था। परिजनों की तलाश करने पर सामने आया कि तोड़ के नंदा नगर में रहते हैं जिन्हें सूचना दी गई। परिजनों के आने पर वृद्धि का नाम सुरेश पिता बाबूलाल वर्मा निवासी इंदौर होना सामने आया। परिजनों ने बताया कि सुरेश सिलाई का काम करता था और तीन बच्चों का पिता था। इंदौर से देव दर्शन करने के लिए उज्जैन जाने का बोलकर निकले थे। डॉक्टर ने संभावना जताई है की वृद्ध की मौत दिल का दौरा पड़ने पर हुई है।

### स्कूल से लौटे 14 साल के बालक ने लगाई फांसी

उज्जैन। स्कूल से लौटे बालक ने घर में किसी के नहीं होने पर फांसी लगा ली। शाम को बड़ी बहन स्कूल से लौटी तो उसने भाई को फंदे पर लटका पाया। बालक परिवार का एकलौता पुत्र था। मक्सी रोड स्थित पिंगलेश्वर में रहने वाले राजेश निर्मल का 14 वर्षीय पुत्र सुमित कक्षा नवी का छात्र था। और चार बहनों में एकलौता भाई था। दोपहर को वह स्कूल से लौटा था, उसे दौरान माता-पिता काम पर गए हुए थे, बहने भी दोपहर की शिफ्ट में लगने वाले स्कूल गई हुई थी। शाम को बड़ी बहन घर लौटी तो दरवाजा बंद था, उसने जैसे ही धक्का दिया दरवाजा खुल गया। अंदर जाने पर उसने भाई सुमित को फंदे पर लटका देखा। आसपास के लोगों को सूचना दी गई और माता-पिता को जल्द घर लौट के लिए कहा। बालक सुमित को फंदे से उतर कर अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा मामला जांच में दिया गया है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। आसपास के लोगों ने बताया कि स्कूल से लौटने के बाद 3 के लगभग क्षेत्र में दिखाई दिया था और माता पांडाल तक गया था, उसके बाद दिखाई नहीं दिया था। परिजनों का कहना था कि जब उसे फंदे पर लटका देखा तो पैर जमीन पर घुटने के बल टिके हुए थे। उन्होंने घटना को लेकर शंका भी जताई है। फिलहाल पुलिस प्रारंभिक घटना को आत्महत्या मान रही है जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

# चीन अमेरिका के प्रोडक्ट खरीदना मतलब देश को असुरक्षित करना



**उज्जैन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी का उपयोग अधिक से अधिक करने के लिए इसलिए कहा है क्योंकि चीन और अमेरिका से हम उनके उत्पाद खरीदेंगे तो हमारा देश असुरक्षित होगा।**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय लोक शक्ति पर आज आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ विषय पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ता भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक योगेश मेहता ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि हम यदि चीन का कोई उत्पाद खरीदने हैं तो उस उत्पाद से होने वाली आय से चीन भारत पर हमला करने के लिए गोली बनाता है वहीं अमेरिका को भी सबसे ज्यादा बुरा इसलिए लगा क्योंकि भारत ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना के नेतृत्व में पाकिस्तान पर उन स्थानों पर हमला किया। मोदी का कहना है कि हम हमारे देश में ही इतनी आदमी निर्भरता पैदा कर देंगे की हमें दूसरे देशों के उत्पाद खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कार्यशाला में रूपरेखा भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने रखी कार्यशाला को सांसद अनिल फिरोजिया ने भी संबोधित किया। इस दौरान विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, पारस जैन, वीरेंद्र कावड़िया, रूप पमनानी, महापौर मुकेश टटवाल, महामंत्री आनंद सिंह खींची, जगदीश पांचाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमल बेरवा ने किया। जानकारी सह मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या ने दी।

### मथुरा से उज्जैन पांच दिवसीय यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन आज

**उज्जैन।** मथुरा से उज्जैन श्री कृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा के लिए बैठक भगवान कृष्ण एवं बलराम जिस मार्ग से अपने गुरुकुल शिक्षा के लिए मथुरा से उज्जैन आए थे। इस मार्ग पर धर्म यात्रा तीर्थ पुरोहित महासंघ संबंध विश्व हिंदू परिषद के संयोजन में मथुरा से उज्जैन तक की 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक की पांच दिवसीय श्री कृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जो मथुरा से प्रारंभ होकर जयपुर कोटा झालावाड़ आगर होते हुए उज्जैन में 9 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे प्रवेश करेगी। इस यात्रा में सहभागिता करने हेतु सभी सनातन धर्मावलंबियों एवं सभी समाज प्रमुख पदाधिकारियों धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों की एक आवश्यक बैठक भारत स्काउट एवं गाइड के प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में एवं संत सत्कार समिति के प्रकाश चितौडा एवं हरि सिंह यादव के विशेष आतिथ्य में 25 सितंबर को सायंकाल 6 बजे भारत स्काउट एवं गाइड कार्यालय टावर उज्जैन पर रखी गई है। यात्रा के प्रभारी सुरेंद्र चतुर्वेदी, अशोक कोटवानी, मनीष उपाध्याय, राहुल व्यास, उत्तम दुबे, कमल भावसार ने सभी धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी से बैठक में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# चलती कार के गेट पर लटका था 9 साल का बालक, पुलिस ने लगाई फटकार

**उज्जैन। आधी रात को चलती कार के गेट पर 9 साल का बालक लटका हुआ था। पुलिस ने पीछा कर रोका। पिता काररर चला रहा था, जिसे फटकार लगाई गई तो वह मजाक मस्ती में स्टंट की बात कहने लगा। पुलिस ने कार को जप्त कर थाने भेज दिया**

घटनाक्रम मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात करीब 12 बजे का है। चामुंडा माता चौराहे से गुजरते समय चिमनगंज मंडी थाने में पदस्थ आरक्षक सर्वेश मालवीय ने देखा कि एक फॉर्च्यूनर कार के ड्राइवर साइड के दरवाजे से बच्चा बाहर लटक रहा है। आरक्षक ने तुरंत वायरलेस सेट से कंट्रोल रूम को सूचना दी और पीछा कर रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक ने रफ्तार तेज कर ली थी। वही कंट्रोल रूम से चले पाइंट के बाद महिला थाना प्रभारी लीला सोलंकी और आरक्षक सर्वेश मालवीय ने कार का पीछा कर आईजी बंगले के पास रोक लिया। कार दीपक पमनानी निवासी ऋषि नगर चल रहा था पूछताछ करने पर उसने गेट पर लटका बालक खुद का होना बताया और मजाक मस्ती में स्टंट करने की बात कहने लगा थाना प्रभारी ने उसे जमकर फटकार लगाई। घटना देर रात की होने के कारण उस समय कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, बुधवार सुबह माधव नगर थाने में पिता दीपक पमनानी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

### भूखी माता घाट पर क्षिप्रा में डूबा युवक

उज्जैन। भूखी माता घाट पर क्षिप्रा नदी में बुधवार शाम युवक डूब गया। भाई ने उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन खुद को डूबता देख बाहर आ गया। होमगार्ड और एसडीआरएफ टीम डूबे युवक की तलाश कर रही है। राजगढ़ का रहने वाला सोनू पिता दुर्गादास वर्तमान में चिंतामण जवासिया क्षेत्र में निवास कर रहा है। शाम को भूखी माता मंदिर के पास घाट पर भाई और अन्य के साथ पहुंचा था। जहां वह नहाने के लिये नदी में उतर गया। क्षिप्रा का जलस्तर बढ़ा हुआ था। जिसके चलते गहराई में चला गया। उसे डूबता देख भाई बचाने पहुंचा, वह कुछ दूर तक सोनू का खींचकर ले आया था लेकिन वह भी गहराई में जाने पर घबरा गया, उसने सोनू को छोड़ दिया और बाहर आ गया। इसी बीच सोनू गहराई में चला गया। युवक के डूबने की खबर मिलने पर होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवान तैराक दल के सदस्यों के साथ पहुंचे और तलाश शुरू की गई, लेकिन देर शाम तक सोनू का पता नहीं चला पाया था।

**महाअष्टमी पर्व..** प्रशासन कर रहा तैयारियां, कलेक्टर चढ़ाते हैं यहां आकर देवी को मदिरा

# नवरात्रि की महाअष्टमी पर चौबीस खंभा माता मंदिर से शुरू होगी नगर पूजा

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर उज्जैन के गुदरी चौराहा स्थित प्राचीन 24 खंभा मंदिर से नगर पूजा शुरू होगी। नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना से हर साल यह पूजा की जाती है जो कि राजा विक्रमादित्य के काल से निरंतर परंपरागत रूप से आज तक चली आ रही है। नगर पूजा की खास बात यह है कि कलेक्टर खुद मंदिर पहुंचकर प्रथम पूजा करते हैं तथा भोग के रूप में देवी महामाया एवं महालाया की प्रतिमा को मदिरा चढ़ाते हैं। पुजारी विकास ने बताया कि मंदिर 9वीं-10वीं शताब्दी में बना था। महाकाल वन क्षेत्र में यह मंदिर है तथा पुराने समय में महाकाल मंदिर जाने का रास्ता भी यहीं से हुआ करता था। परमार राजाओं ने इसका जीर्णोद्धार कराया। मंदिर में 24 नक्काशीदार काल पत्थरों के खंभे बने हैं। इसलिए इस मंदिर का नाम 24 खंभा देवी के रूप में भी प्रसिद्ध हुआ। नवरात्रि की महाष्टमी पर होने वाली इस नगर पूजा का उज्जैनवासियों के लिए खासा महत्व है। बड़ी संख्या में आम लोग भी पूजा देखने के लिए, पूजा में शामिल होने के लिए मंदिर पहुंचते हैं। नवरात्र की महाअष्टमी पर की जाने वाली नगर पूजा इस मंदिर से शुरू होकर नगर के 40 मंदिरों में जाती है। करीब 27 किमी लंबे मार्ग पर प्रशासन का अमला मटकी से मदिरा की धार सड़क पर गिराते हुए पैदल चलता है। मुख्य रूप से इसमें पटवारी, वसूली पटेल और चौकीदार आदि शामिल रहते हैं। दिनभर मंदिरों में पूजा के बाद नगर पूजा रात में अंकपात पर हांडी फोड़ भैरव मंदिर पर समाप्त होती है। बीच में कई देवी मंदिर, भैरव मंदिर और हनुमान मंदिर आते हैं जहां पूजा की जाती है। अमला ढोल के साथ लाल ध्वज लेकर पूरी पूजन सामग्री व भोग की सामग्री लेकर चलता है।




### मां हरसिद्धि के आंगन में बाल कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

उज्जैन। श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के तत्वावधान में नवदुर्गा नगर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला में मां हरसिद्धि मंच पर मंगलवार द्वितीय दिवस को डॉ. प्रीति देवले एवं सुधा बोरलिया साथी कलाकार निमिषा शिंदे, शिखा सक्सेना, सुषमा जांगले ने गायन के माध्यम से मां शक्ति की भक्ति में धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी। आरंभ नृत्यशाला की निर्देशिका अंजना चौहान के नेतृत्व में बाल कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर राजस्थानी गणेश वंदना, कृष्णा आराधना ,गरबा की आकर्षक प्रस्तुति दी। अतिथि पत्रकार चंद्रभान सिंह चंदेल एवं महेंद्र पमनानी, अंजना चौहान ने मां हरसिद्धि के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत मंडल के अध्यक्ष प्रमेंद्र यादव, सचिव वीरेन्द्र नामदेव, पवन नागर, संतोष जाधव, ज्योति ठाकुर, कल्पना नायक ने किया। आरंभ नृत्यशाला के कलाकार कु. पहल, हितान्शी, हरिहा , मनस्वी, दिव्यांशी ने गणेश वंदना, घुमर राजस्थानी, मालवी गीतों पर प्रस्तुति देकर समा बांधा। इस अवसर पर शिवनारायण चौबे, राजेंद्र जोशी, वीरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र परमार, राजेश अखंड आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश्वर दुबे ने किया।

### 27 को सामाजिक गरबा आराधना उत्सव

**उज्जैन।** खण्डेलवाल वैश्य पंचायत उज्जैन के द्वारा धर्म एवं सांस्कृतिक परम्पराओं का निर्वाह करते हुए शारदीय नवरात्र महोत्सव के पुण्य अवसर पर शनिवार 27 सितंबर को खण्डेलवाल वैश्य पंचायत भवन बुधवारिया में शाम 5 बजे से कन्या पूजन होगा। जिसमें 50 से अधिक परिवारों द्वारा 51 से अधिक कन्याओं का भोज एवं पूजन होगा। उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघीनिया, समन्वयक राजेंद्र सोखिया ने बताया कि कन्या पूजन के बाद जगदम्बा की महाआरती होगी और डीजे जॉकी के साथ स्पेशल फ्री स्टाइल गरबा आयोजन होगा। जिसमें कई सारे आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक सहभोज के साथ होगा। खण्डेलवाल वैश्य पंचायत संरक्षक सिद्धेश्वर दास, अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल सचिव अनिल सामरिया ने एक दिवसीय इस उत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य अर्जन लेने का अनुरोध किया।